









## विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को बचाने एवं भूमि पुनरूद्धार हेतु कार्यक्रम आयोजित

# विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्यामसुंदर पाल की देखरेख में हुआ कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**कथारा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को बचाने एवं भूमि पुनरुद्धार हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्यामसुंदर पाल कि देखरेख में हुई । कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभारम्भ पर्यावरण का ध्वजारोहण कर किया। श्री पाल कि देखरेख मे पर्यावरण प्रबंधन प्रशिक्षु पलक अग्रवाल ने लोगों को 5 जून को समूचे विश्व में मनाये जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में बताया। कांफ्रेंस हॉल में महाप्रबंधक कि अध्यक्षता मे एक्सटेम्पोर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। उन्हें पर्यावरण पर एक झ एक रैंडम टॉपिक पर 2 से 3 मिनट के लिए बोलने को दिया गया। जिसमें सभी ने अपने-अपने अच्छे -अच्छे मन्तव्य दिए। इस आयोजन के विजेता सीबी तिवारी रहे। जिन्हे महाप्रबंधक ने प्रमाण पत्र, उपहार व पौधे देकर सम्मानित किया। श्री तिवारी ने लोगों को संदेश दिया कि अपने या अपने बच्चों के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। इसके बाद प्रांगण मे, पलक अग्रवाल ने इस साल विश्व पर्यावरण दिवस की थीम झभूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' के बारे में लोगों को बताते हुए उन्हें भूमि को रिस्टोर करने और मिट्टी को बचाने के लिए पौधरोपण को अधिकाधिक करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सीआईएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद का सन्देश लोगों तक पहुंचाया। महाप्रबंधक ने पर्यावरण को बचाने हेतु सभी लोगों को शपथ दिलाई और लोगों को संदेश दिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर आदमी को ये सोचना चाहिए कि मैं इसमें क्या योगदान दे सकता हूं। योगदान देने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास कि जरूरत नहीं है। कोई आदमी ये सोच ले कि मैं शॉवर से नहीं नहाऊंगा तो वो चार बाल्टी पानी बचाएगा। बाजार जाए तो थैला लेकर जाए तो प्लास्टिक प्रदूषण बचेगा, इसके लिए तो कोई खर्च करने कि जरूरत नहीं है। इसलिए हर आदमी को सोचने चाहिए कि वो क्या कर सकता है तो पर्यावरण को बहुत आसानी से बचाया जा सकता है। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा एवं स्वांग में 3 जून को आयोजित निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता के उत्कृष्ट 13 छात्रों को पुरुस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही महाप्रबंधक और उपस्थित सभी अफसरों ने फुटबॉल ग्राउंड में पौधरोपण कर लोगों को सन्देश दिया कि पौधारोपण ही एक सबसे सस्ता उपाय है। इस कार्यक्रम में कथारा क्षेत्र के एसओ पीएंडपी अर्जुन कुमार प्रसाद, जयंत कुमार एसओ पीएंडए, एसओएम बिनोद कुमार, एएफएम राजेश कुमार, एसओसी संजय सिंह, एसओ ईएंडएम बिपिन कुमार, एसओ सेफ्टी सीबी तिवारी, एएसओ एसके गुप्ता, नोडल सीएसआर चन्दन कुमार, एमटीपी सूर्य प्रताप सिंह, निरंजन विश्वकर्मा, रोहित कुमार, अजुराम सहित कामगारों एवं सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति रही।

**World Environment Day Celebration at Kathara Area**











**World Environment Day Celebration at Barka Sayal Area**










# ढोरी महाप्रबंधक कार्यालय से विश्व पर्यावरण दिवस पर निकाली गई पर्यावरण जागरूकता रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो।** सीसीएल ढोरी एरिया महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने झंडोतोलन कर किया। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाया। पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार ने सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद का संदेश पढ़ कर सुनाया। इसके बाद पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी, डीएवी स्कूल ढोरी व अनपती देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारी क्लब ढोरी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां स्लोगन, निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों और सीसीएल अधिकारियों व कर्मियों को जीएम श्री अग्रवाल ने उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है। पर्यावरण है तो कल है। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमार, पीओ पिछरी डीसी राय, एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सुरक्षा अधिकारी सीताराम उइके, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, पीएनपी आशीष अंचल, एएफएम राजीव रंजन, एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर अनुज कुमार, एरिया सेल्स मैनेजर बैजनाथ कुमार, यूनियन नेता जवाहर लाल यादव, घुनु हाँसदा, धीरज पांडेय, कैलाश ठाकुर, विकास सिंह, जयनाथ मेहता, नरेश प्रसाद महतो, संत सिंह, ललन मल्लाह सहित अनिल चंद्र झा, उदय गुप्ता आदि लोगों की मौजूदगी रही।

**World Environment Day Celebration at Dhori Area**












**World Environment Day Celebration at B&K Area**










## अरगड्डा महाप्रबंधक कार्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: महाप्रबंधक कार्यालय, अरगडा क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरगड्डा महाप्रबंधक संजय कुमार झा एवं संचालन महाप्रबंधक (संचालन) राजीव सिंह ने किया। उद्घाटन भाषण आमोद कुमार ने दिया, जिसके बाद रजत जायसवाल ने पर्यावरण शपथ दिलाई। स्टाफ ऑफिसर (पी एंड ए), हक ने कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश सुनाने का कार्यभार संभाला। इसके बाद महाप्रबंधक, अरगडा का बहुत ही जानकारीपरक संबोधन हुआ। महाप्रबंधक कार्यालय से एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन अरगडा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं में घूम-घूम कर विश्व पर्यावरण दिवस के बारे में जागरूकता फैलाएगा। इसी प्रकार के कार्यक्रम सभी परियोजना कार्यालयों में भी आयोजित किए गए, जिनका नेतृत्व संबंधित परियोजना अधिकारियों ने किया। स्कूली बच्चों में जागरूकता लाने के लिए अरगडा क्षेत्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डीएवी गिदी ए एवं एसवीएम सिरका के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में एसएन तिवारी, कुंदन कुमार, गौरव तिवारी, सतीश श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण उपस्थित थे।



**World Environment Day Celebration at Argada Area**










**World Environment Day Celebration at Rajrappa Area**













**World Environment Day Celebration at Rajhara Area**











**World Environment Day Celebration at Piparwar Area**












**World Environment Day Celebration at NK Area**











**World Environment Day Celebration at Giridih Area**









रांची 05 जून, 2024, बुधवार वर्ष 09, अंक 225, ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कुल सीट-543 | बहुमत-272 | एनडीए 291 | इंडिया गठबंधन 234 | भाजपा 240 | कांग्रेस 99

## सीसीएल ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**चरही।** सीसीएल के हजारीबाग क्षेत्र चरही एरिया के विभिन्न जगहों पर विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल के महाप्रबंधक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही कैसे हम नवीनीकरण से पुनः पर्यावरण को सुधार कर हम पहले जैसा कर सके, इसके बारे में लोगों को बताया। कार्यक्रम में हर साल लगातार पेड़ो की कटाई के कारण हो रहे पर्यावरण परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदा के संकट से बचने के लिए हमें नवीनीकरण के द्वारा पर्यावरण का सुधार कर हम इस प्राकृतिक आपदा से बचने की जानकारी दी। इसके पूर्व सपोर्ट सीसीएल के कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। एमके पांडे, आरएन सिंह, पी एंव पी, संजिव कुमार, पल्लवित चक्रवर्ती, रवी कुमार, फैजल अहमद, अनवर अहमद समेत कई अन्य लोगों शामिल हुए।



शुभम संदेश
epaper.lagatar.in
06 Jun 2024 - Page 6

## सीसीएल जीएम दफ्तर में मना पर्यावरण दिवस

संवाददाता। चरही(हजारीबाग)

सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया. सीसीएल महाप्रबंधक केके सिन्हा ने कार्यालय परिसर में फलदार पेड़ लगाए. साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने-अपने घरों में एवं अगल-बगल में कम से कम एक पेड़ लगाने की अपील की. महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मियों ने दर्जनों फलदार वृक्ष लगाए. स्कूली बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया गया. साथ ही सीसीएल ने पांच सौ पौधे का वितरण किया. मौके पर स्टाफ ऑफिसर पल्लव चक्रवर्ती, परियोजना पाधिकारी एमपी सिंह, एमके पांडेय, कर्मचारी अधिकारी आरएन सिंह, संजीव कुमार, पर्यावरण अधिकारी रवि कुमार, फैजल अहमद आदि उपस्थित थे.

सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को पर्यावरण दिवस मनाया गया.

### पीवीयूएनएल पतरातु ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**रामगढ़।** हर साल की तरह इस साल भी विश्व पर्यावरण दिवस पर पीवीयूएनएल, पतरातु में पौधरोपण अभियान का आयोजन टाउनशीप में किया गया, जिसका नेतृत्व सीईओ आरके सिंह और एसएमएस अध्यक्ष रीता सिंह ने किया. वरिष्ठ अधिकारियों और स्वरेखा महिला समिति की महिलाओं ने भी कई पौधे लगाए. इस दौरान सीईओ ने कहा कि कर्मचारी अपने जन्मदिन और वर्षगांठ पर पेड़ जरूर लगाएं. इससे उनका जन्मदिन भी यादगार रहेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान रहेगा.

पीवीयूएनएल, पतरातु में पौधरोपण किया गया.

### पर्यावरण के संरक्षण के लिए पेड़ लगाना जरूरी

**विष्णुगढ़।** प्रखंड क्षेत्र के मड़मो में पेड़ लगाओ, जंगल बचाओ अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि विकास की दौड़ में वृक्षों की कटाई से पर्यावरण संकट गहरा गया है. इससे जीवन के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है. इस अवसर पर ग्रामीण महिला पुरुषों ने बुधवार रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों को बचाने का संकल्प लिया. यह कार्यक्रम मड़मो के भगिया नदी के पास जंगल में आयोजित किया गया. इस आयोजन में शामिल लोगों ने जंगलों की कटाई पर चिंता जाहिर की. कहा कि पेड़ पौधों की घटती संख्या से पर्यावरण असंतुलित हो गया है. मौसम में बदलाव के पीछे यह बड़ी वजह है. इसका असर सीधे जीव जंतु के साथ मनुष्य जीवन पर पड़ रहा है.

**World Environment Day Celebration at Hazaribagh Area**









**World Environment Day Celebration at Kuju Area**



## मगध परियोजना कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर 500 पेड़ लगाए गए

### पर्यावरण संतुलन के लिए पेड़ों का रक्षा एवं पेड़ लगाना अत्यंत जरूरी: एस सतनारायण

**अजित कुमार/न्यूज 11 भारत**

**बालूमाथ/डेस्क:** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत एशिया के बड़े कोलवरियों में से एक मगध कोल माइंस में विश्व पर्यावरण दिवस पिओ एस सतनारायण के नेतृत्व में मनाया गया. इस दौरान पिओ सहित सीसीएल कर्मी एवं दर्जनों बच्चे पीओ कार्यालय परिसर में एकत्रित होकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया इस दौरान 500 पेड़ लगाए गए एवं वितरण भी किए गए. मौके पर पियो ने पर्यावरण का मौजूदा हालात को देखते हुए गहरा चिंता व्यक्ति करते कहा जो स्थिति पर्यावरण की है वह आने वाले दिनों में इससे भी भयावक होग. इसका मुख्य कारण है पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और पेड़ नहीं लगाया जाना. जिससे वायुमंडल प्रभावित हो रहा है तापमान बढ़ रही है. पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए प्लास्टिक चीज को उपयोग नहीं करने के साथ-साथ एक-एक व्यक्ति पांच पांच पेड़ लगाने एवं पर्यावरण को बचाए रखने के लिए संकल्प लिया. मौके पर सीसीएल अधिकारी चंदन चटराज, संभू नाथ, अभिषेक आनंद, मिरगंक शेखर, अमरजीत कुमार, मोहमत अकर्म मनीष सिन्हा,के साथ साथ कई सीसीएल अधिकारी मौजूद रहे.








**World Environment Day Celebration at Magadh & Sanghmitra Area**












# विश्व पर्यावरण दिवस पर जीएम अमरेश सिंह ने किया पौधारोपण

## महाप्रबंधक कार्यालय आम्रपाली में मनाया पर्यावरण दिवस, किया पौधा रोपण

झारखण्ड न्यूज24
टंडवा/चतरा
कुन्दन पासवान

आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया तथा लोगों से भी जीएम ने पौधा लगाने का किये हैं अपील, विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर होन्हे स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का योजन, सीसीएल कर्मियों के बीच ड्राइंग एवं निबंध प्रतियोगिता महाप्रबंधक आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में ध्वजारोहण, आम्रपाली प्रोजेक्ट में पौधारोपण किया गया। महा प्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्या,विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण का सौभाग्य मिला है। धरती माता और प्रकृति के संरक्षण–संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता के साथ सेवारत है। आगे विश्व पर्यावरण दिवस की सभी पर्यावरण प्रेमियों को हार्दिक बधाई भी दिये।आगे जीएम ने कहा कि पर्यावरण का सीधा संबंध हमारे जीवन, हमारी सृष्टि से है। स्वच्छ–सुरक्षित पर्यावरण सभी प्राणियों के जीवन को सुगम बनाता है। आइए, अपनी सृष्टि की रक्षा हेतु पर्यावरण के संरक्षण के लिए संकल्पित हों।

**World Environment Day Celebration at Amrapali & Chandragupt Area**